पंजाब केसरी

कहीं आप भी तो नहीं खा रहे नकली घी, हरियाणा में नकली देसी घी की फैक्टरी, खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया भंडाफोड़

जींद : हरियाणा में आए दिन लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां जींद जिले में नकली घी तैयार कर लोगों को बेचा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग और दिल्ली पुलिस ने इसका भंडाफोड़ किया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जींद के अमरेहडी रोड स्थित नकली देसी घी तैयार करने वाली फैक्टरी और गोदाम से 1925 लीटर विभिन्न ब्राडों की पैकिंग में संदिग्ध देसी घी, 1405 लीटर आयल और उपकरण बरामद किए हैं।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी को सूचना मिली थी कि अमरेहडी रोड पर पशु डेयरी में नकली देसी घी की फैक्टरी चलाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम के साथ दबिश दी तो पशु डेयरी में वीटा समेत अन्य कई तरह के ब्रांडों की पैकिंग में देसी घी पाया गया। टीम ने फैक्टरी और गोदाम से बरामद घी के सैंपल लेकर लेबोरेटरी भेज दिया और फैक्टरी और गोदाम को सील कर दिया। वहीं पकड़े गए नकली की सप्लाई आसपास के जिलों में नहीं की जाती। यहां पर जल्दी पकड़े जाने का डर सप्लायरों को रहता है। इसलिए इस घी को दिल्ली एनसीआर में सप्लाई किया जाता है। दोनों गोदामों से घी की हर कंपनी के कार्टून, पैकिंग व रेपर बरामद हुए हैं।

Source: https://m.haryana.punjabkesari.in/haryana/news/fake-desi-ghee-factory-busted-by-food-safety-department-in-haryana-2076749